भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
**MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI**

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 22.01.2025

## आरेडिका में आयकर के संबंध में सेमिनार का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में दिनांक–22.01.2025 को आरेडिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आयकर के संबंध में जानकारी देने के उद्देश्य से आरेडिका के प्रधान मुख्य वित्त सलाहकार बीएल मीना के नेतृत्व में रायबरेली एवं सुल्तानपुर के आयकर अधिकारियों के सहयोग से एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार में बृजेश राजौरिया आयकर अधिकारी टीडीएस/सुल्तानपुर, प्रशांत कुमार आयकर अधिकारी/रायबरेली एवं प्रतीक सिंह कसेरा आदि ने आयकर की कटौती, कर समय से जमा करना, टीडीएस स्टेमेंट्स को सावधानीपूर्वक समय से दाखिल करना एवं अनुचित आयकर रिफण्ड न लेना इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया और ऐसा न करने पर आयकर अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत लगने वाली शास्तियों, अभियोजन आदि के संबंध में कर्मचारियों का ज्ञानवर्धन किया।

इस सेमीनार में आरेडिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की।

22.01.2025

(आर एन तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी